Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 286 ▫ रायपुर, रविवार 10 नवम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## राजधानी में कलर्स मॉल के पास मिला युवती का शव, मचा हड़कंप



**रायपुर,** 10 नवंबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के पॉश एरिया में एक लड़की की लाश सड़ी-गली हालत में मिली है। शव एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग में मिला है। कुत्ते जब शव के अंग को पकड़कर सड़क पर दौड़े तब लोगों की नजर उस पर पड़ी। मामला राजेंद्र नगर थाना इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, कलर्स मॉल के पास बिल्डर कंपनी की अंडर कंस्ट्रक्शन साइट है। शनिवार की रात सात 7 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली कि वहां से तेज बदबू आ रही है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो वहीं पास में एक इंसान की खोपड़ी पड़ी हुई थी। आसपास कुत्ते घूम रहे थे। लोगों ने बताया कि कुत्तों ने खोपड़ी को बाल के सहारे सड़क पर लाया था।

पुलिस जब बिल्डिंग के अंदर घुसी। तो अंदर ढेर सारा मलबा पड़ा हुआ था और तेज बदबू आ रही थी। मलबा हटाकर देखा गया तो अंदर एक लड़की की लाश पड़ी थी जो अर्धनग्न हालत में थी। इसके बाद पुलिस ने फौरन मेडिकल टीम और फॉरेंसिक एक्सपर्ट को बुलाया। पुलिस आशंका जता रही है कि युवती की उम्र 25 से 30 साल के बीच रही होगी। उसके शरीर के ऊपर सिर का हिस्सा अलग हो चुका था। इसके अलावा पैरों के हिस्से भी जानवरों ने नोंच लिए थे। लाश का चेहरा नहीं होने की वजह से पुलिस युवती की पहचान नहीं कर पाई है। हालांकि कद-काठी और कपड़ों के आधार पर पुलिस पता लगा रही है।

शुरुआती जांच पड़ताल के बाद ऐसी आशंका जताई जा रही है कि युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात के बाद उसकी हत्या कर दी गई है। हालांकि इस बात की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी। बिल्डिंग में काम बंद होने की वजह से इसकी जानकारी किसी को नहीं मिल पाई। फिलहाल पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया है। इस मामले में आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाली जा रही है।

## रोहतास चौधरी ने पाकिस्तान को चटाई धूल

## एक पैर में 704 पुश अप मारकर बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नई दिल्ली,** 10 नवम्बर (न्यूज चैनल)। भारत के पुश अप मेन रोहतास चौधरी ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। दरअसल, उन्होंने 27.875 किलोग्राम वजन के साथ एक पैर पर एक घंटे में 704 पुश अप करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इसी के साथ उनका नाम गिनिस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। इससे पहले 27.200 किलोग्राम वजन के साथ 534 पुश अप के साथ यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था। अब चौधरी ने एक महीने के भीतर पाकिस्तान के पुश अप मैन का रिकॉर्ड तोड़कर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

मुझे हजार गुना खुशी हो रही : चौधरी

रोहतास ने कहा, इस रिकॉर्ड से मुझे हजार गुना खुशी हो रही है। मुझे एक पाकिस्तानी ने चैलेंज किया था और मैंने 22 दिन में उसे तोड़ दिया है। गांधीनगर के टाउन हॉल में शनिवार को यह रिकॉर्ड बना और इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवरत मौजूद थे। ऐसा बताया जा रहा कि यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम पर था। इसमें 27 किलोग्राम वजन के साथ एक पैर पर 534 पुश अप लगाए गए थे। अब नए रिकॉर्ड का इंतजार हो रहा था, उसे रोहतास ने शनिवार को बना दिया। इससे पहले रोहतास चौधरी ने 12 जनवरी को स्पेन के पुश अप मैन के 37 किलो वजन के साथ 537 पुश अप के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 743 पुश अप का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।

रोहतास चौधरी ने अपनी जीत को लेकर कहा- मैं रोजाना चार घंटे अभ्यास करता था। इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए कई दिनों से लगातार मेहनत कर रहा था। इससे पहले स्पेन के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए भी बहुत मेहनत की थी। मैं बार-बार यही कहता हूं कि यह रिकॉर्ड हर भारतीय का है। यह रिकॉर्ड पहले पाकिस्तान का होता था, आज यह भारत का है। पाकिस्तान का रिकॉर्ड 534 पुश अप था और मैंने 704 पुश अप किए।

## ब्रेकिंग न्यूज

### ड्यूटी पर तैनात पीआरडी जवान की देर रात निर्मम हत्या

**नई दिल्ली,** 10 नवम्बर (न्यूज चैनल)। कुशीनगर जिले के हनुमानगंज थाना क्षेत्र के छीतौनी कस्बे में ड्यूटी कर रहे पीआरडी के जवान रमाकांत तिवारी की निर्माता तरीके से हत्या कर दी गई यह घटना देर रात शनिवार की है जब पीआरडी जवान रमाकांत तिवारी ड्यूटी पर तैनात थे, छितौनी कस्बे के चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर यह पूरी घटना घटित हुई। वहीं वारदात के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। मृतक पीआरडी के जवान रमाकांत तिवारी के चेहरे व सिर पर पर चोट के गंभीर निशान है जिस जगह पर वह ड्यूटी कर रहे थे वहां भी खून के निशान मिले पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 24 घंटों में तीसरी मुठभेड़ की घटना में सेना का जवान घायल

**नई दिल्ली,** 10 नवम्बर (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सुदूर वन क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ हुई सेना की मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया है। पिछले 24 घंटे में यह तीसरी मुठभेड़ की घटना है। सुदूर वन क्षेत्र से पहले श्रीनगर के जबरवान जंगल में आतंकवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ हुई थी। बता दें, दो दिन पहले आतंकवादियों ने दो ग्राम रक्षा रक्षकों की हत्या कर दी थी, जिसके बाद से सेना और पुलिस का आतंकवाद रोधी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि केशवान के जंगलों में सुबह 11 बजे उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सेना और पुलिस के संयुक्त तलाश दलों ने छिपे हुए आतंकवादियों की घेराबंदी की। उन्होंने कहा कि दो ग्राम रक्षा रक्षकों की हत्या के बाद कुंतवाड़ा और केशवान के जंगलों में बृहस्पतिवार शाम से आतंकवाद रोधी अभियान जारी है।

## काम पर लौटेंगे दिल्ली के 10 हजार बस मार्शल. मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

**नई दिल्ली,** 10 नवम्बर (न्यूज चैनल)। एक निर्णायक कदम में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एलजी वीके सक्सेना से निर्देश मिलने के कुछ दिनों बाद शनिवार को प्रदूषण विरोधी कर्तव्यों के लिए 10,000 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों (सीडीवी) को बहाल करने की घोषणा की। पिछले साल अक्टूबर में दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रस्ताव पर एलजी सक्सेना द्वारा बर्खास्त किए जाने से पहले इन सीडीवी को बस मार्शल के रूप में नियुक्त किया गया था।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दिल्ली के सीएम ने कहा कि इस दिशा में प्रस्ताव पारित हो गया है और सोमवार से बहाली की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने नौकरी पर रहते हुए उनकी सेवाएं समाप्त करने और उनका वेतन रोकने के लिए भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ़ युद्ध में 10,000 बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को तैनात किया जाएगा।

## बाघ की धमक से दहशत में ग्रामीण, जंगल में जाना किया बंद




### मवेशियों को भी छोड़ने से कतरा रहे

**बलरामपुर,** 10 नवंबर (हाईवे चैनल)। बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र में इन दोनों बाघ की धमक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. बाघ अब तक किसान के एक बैल को मारने और एक बैल को बुरी तरह से घायल करने के साथ एक ग्रामीण पर हमला भी कर चुका है. आलम यह है कि बाघ की दहशत से लोगों ने जंगल जाना बंद कर दिया है, यहां तक मवेशियों को भी जंगल में नहीं छोड़ रहे हैं।

बता दें कि क्षेत्र में बाघ के पैरों के निशान देखकर माहौल में संशय बना हुआ था, लेकिन वन विभाग ने फुट प्रिंट ट्रेस कर इस बात की पुष्टि कर दी है कि जंगल में मौजूद बाघ इधर-उधर विचरण कर रहा है. एक बैल के शिकार और एक बैल के बुरी तरह से घायल होने के बाद रही-सही कसर एक ग्रामीण ने कर दी, जिसे जंगल में बाघ ने हमला करने का प्रयास था, जिससे वह किसी तरह से बचने में कामयाब रहा. वन विभाग अब क्षेत्र में मुनादी कराते हुए लोगों को जंगल में न जाने की सलाह दे रहा है. इसके साथ बाघ के हमले से मृत और घायल पशुओं के लिए मुआवजा प्रकरण भी बनाकर किसानों को देने की बात कह रहा है.

## अटल जी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था : नीतीश कुमार



### बोले- मुझसे दो बार गलती हुई, अब दाएं-बाएं नहीं होगा

**नई दिल्ली,** 10 नवम्बर (न्यूज चैनल)। बिहार में होने वाले उपचुनाव के लिए आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रचार शुरू कर दिया है। तरारी में भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 से हम लोग एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। भाजपा से हमारा शुरू से ही नाता रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आगे भी रिश्ता कायम रहेगा। हमसे दो बार गलती हो गई थी। हमने राजद के साथ सरकार बना ली। लेकिन जब वह गड़बड़ करने लगे तो मुझसे बर्दाश्त नहीं हुआ। मुझे अपनी गलती का एहसास हुआ और हम फिर से भाजपा के साथ आ गएष इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब कोई दाएं बाएं नहीं होगा।

इतना ही नहीं, नीतीश कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया था। नीतीश ने कहा कि मैं अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में मंत्री रहा हूं। यहां-वहां कुछ गलतियां हो गई लेकिन अब हम मिलकर काम करेंगे। हम देखते थे कि कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने लालू यादव और राजद पर वार करते हुए कहा कि उनकी सरकार के दौरान कोई भी शाम के बाद डर के मारे अपने घर से नहीं निकल पाता था। उनकी

## बस्तर फाइटर के जवान ने खुद को मारी गोली





**कोंडागांव,** 10 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में आज सुबह एक बस्तर फाइटर ने खुद को गोली मारकर जान ले ली. जवान हरिलाल नाग छुट्टी पर फरसगांव ब्लाक अंतर्गत अपने गांव ग्राम बारदा गया हुआ था. इसी दौरान उसने अपने घर में ही अपनी पिस्टल से खुद को गोली मार दी. इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. जवान ने अपनी जान क्यों ली, इसका कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है. वहीं सूचना मिलने पर घटना की सूचना मिलते ही फरसगांव एसडीओपी अनिल विश्वकर्मा और केशकाल एसडीओपी भूपत सिंह समेत स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पहुंची हुई है. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. एसपी वाय अक्षय कुमार ने की घटना की पुष्टी की है.

## कनाडा ने त्वरित वीजा कार्यक्रम समाप्त किया सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं भारतीय

**नई दिल्ली,** 10 नवम्बर (न्यूज चैनल)। कनाडा ने एक बड़ा नीतिगत फैसला करते हुए अपने लोकप्रिय त्वरित अध्ययन वीजा कार्यक्रम-एसडीएस को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है जिसका भारत सहित कई अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर असर पड़ने की आशंका है। वर्ष 2018 में शुरू किए गए 'स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम' (एसडीएस) के तहत आवेदन करने वाले छात्रों को वीजा जारी करने की प्रक्रिया में काफी कम समय लगता था तथा उनके वीजा की स्वीकृति की दर अधिक थी। कनाडा द्वारा शुक्रवार को इस योजना को समाप्त किए जाने के बाद इसमें बदलाव आएगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सितंबर में 'एक्स' पर लिखा था, "हम इस साल 35 प्रतिशत कम अंतरराष्ट्रीय छात्र परमिट दे रहे हैं और अगले साल यह संख्या 10 प्रतिशत और कम हो जाएगी।"



उन्होंने कहा था, "आव्रजन हमारी अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद है - लेकिन जब बुरे लोग प्रणाली का दुरुपयोग करते हैं और छात्रों का फायदा उठाते हैं, तो हम उन पर कार्रवाई करते हैं।" कनाडा सरकार ने कहा है कि वह अस्थायी निवासियों की संख्या कम करने पर विचार कर रही है। यह कदम भारत और कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक विवाद के बीच उठाया गया है। यहां भारतीय उच्चायोग ने कहा कि कनाडा में विदेशी छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत देश भारत है और यहां अनुमानित रूप से 4,27,000 भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।

## धान खरीदी देरी से, कटाई के बाद धान की रखवाली पड़ रही भारी



**धमतरी,** 10 नम्वबर (हाईवे चैनल)। इस बार प्रदेश में धान खरीदी देर से 14 नवम्बर से शुरु होगी। लेकिन इसके पहले अर्ली वैरायटी वाली फसल लेने वाले किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसान फसल काट चुके है। लेकिन फसल रखे कंहा यह बड़ी समस्या है।

बता दे कि अर्ली वैरायटी वाले किसानों की फसल दशहरा पर्व के बाद से पकनी शुरु हो गई। जिसके बाद दीपावली के पहले से फसल कटनी शुरु हो गई है। अब तक एक तिहाई अर्ली वैरायटी धान फसल लेने वाले किसानों ने अपनी फसल काट ली है। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में इस बार धान का रकबा लगभग 1 लाख 38 हजार 600 हेक्टेयर है। जिसमें लगभग 86 हजार हेक्टेयर फसल अर्ली वैरायटी की है। जिसमें से लगभग आधी फसल पककर तैयार हो चुकी है। और लगभग 25-30 प्रतिशत कटकर तैयार है। चूंकि धान खरीदी इस बार देरी से शुरु हो रही है ऐसे में कटाई के बाद धान की फसल को सुरक्षित रखना बड़ी चुनौती बन गई है। कई लघु, मध्यम वर्गीय किसानों के पास न तो धान रखने खलिहाल है और न ही कोई गोदाम ऐसे में कटाई के बाद धान को खेत में ही रखना पड़ रहा है। जिसके कारण धान की रखवाली 24 घंटे करनी पड़ रही है। दिन में तो धान की देखरेख हो जाती है लेकिन रात में रखवाली तकलीफ देह है।

- अर्ली वैरायटी की फसल दीपावली के पहले से हो चुकी है पक कर तैयार, 3 प्रतिशत फसल की हुई कटाई
- कई लघु, मध्यम वर्गीय किसानों के पास जगह नहीं होने से खेतो में खुले में पड़ा है धान

### देरी से खरीदी से घटेगा मुनाफा

धान की रखवाली चोरो के साथ मवेशियों से भी करना है। इस बीच बारिश का खतरा भी सता रहा है। बारिश से सारी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। इसके अतिरिक्त देरी से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों की परेशानी बढ़ने के साथ ही मुनाफा भी कम हो सकता है। किसानों ने बताया कि चूहे मवेशियो चोरो के साथ ही खेतो से कटाई के बाद धान को सुरक्षित रखने परिवहन फिर स्थान से खरीदी केन्द्रो तक ले जाने का खर्चा उपर से सूखत का डर धान को बचाने पॉलीथीन तिरपाल खरीददारी चौकीदारी में समय पैसो की खपत, गोदाम लेने पर किराया इन सब कारणों से धान की फसल में इस बार मुनाफा कम हो जाएगा।

### सोसायटी कर्मचारियों की हड़ताल से खरीदी हो सकती है प्रभावित

सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आव्हान पर तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 4 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु किया गया है। गांधी मैदान में कर्मचारी हड़ताल पर है। चूंकि अब धान खरीदी प्रारंभ होने में ज्यादा समय शेष नहीं रह गया है। ऐसे में कर्मचारियों की हड़ताल से पहले से देर से हो रही धान खरीदी में और देरी हो सकती है। टोकन भी किसानों को नहीं मिल पाया है। ऐसे में यह भी एक समस्या है।